SOCIAL STUDIES

Class 10th

(GEOGRAPHY)

Chapter 4: कृषि

To get notes visit our website

mukutclasses.in

अभ्यास के प्रश्न

संक्षेप में लिखें

1. बहुवैकल्पिक प्रश्न

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा उस कृषि प्रणाली को दर्शाता है जिसमें एक ही फसल लंबे चौड़े क्षेत्र में उगाई जाती है?
(क) स्थानांतरी कृषि। (ख) रोपण कृषि। (ग) बागवानी। (घ) गहन कृषि
उत्तर:- (ख) रोपण कृषि।

(ii) इनमें से कौन-सी रबी फसल है?
(क) चावल (ख) मोटे अनाज। (ग) चना। (घ) कपास
उत्तर:- (ग) चना।

(iii) इसमें से कौन-सी एक फलीदार फसल है?
(क) दालें। (ख) मोटे अनाज। (ग) ज्वार तिल। (घ) तिल
उत्तर:- (क) दालें।

(iv) सरकार निम्नलिखित में से कौन-सी घोषणा फसलों को सहायता देने के लिए करती है?
(क) अधिकतम सहायता मूल्य। (ख) न्यूनतम सहायता मूल्य
(ग) मध्यम सहायता मूल्य। (घ) प्रभावी सहायता मूल्य
उत्तर:- (ख) न्यूनतम सहायता मूल्य

MUKUTclasses

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए:

(i) एक पेय फसल का नाम बताएँ तथा उसको उगाने के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों का विवरण दें।
उत्तर:- एक प्रमुख पेय फसल का नाम चाय है। चाय को उगाने के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियां निम्न हैं-

1. चाय की फसल के लिए उष्ण तथा उप-उष्ण कटिबन्धीय जलवायु सही होती है।
2. इसके लिए बहुत अधिक वर्षा की आवश्यकता होती है।
3. सुगम जल निकासी के लिए ढलान वाले क्षेत्रों में उगाया जाता है।
4. भारत विश्व का अग्रणी चाय उत्पादक देश है।

(II) भारत की एक खाद्य फसल का नाम बताएँ और जहाँ यह पैदा की जाती है उन क्षेत्रों का विवरण दें।
उत्तर:- भारत की एक खाद्य फसल का नाम गेहूँ है। गेहूं भारत जिन क्षेत्रों में पैदा होता है वो निम्न है-

1. उत्तर-पश्चिम में गंगा-सतलुज का मैदान जैसे पंजाब, हरियाणा, राजस्थान।
2. उत्तर तथा उत्तर-पूर्वी मैदान जैसे उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार का कुछ हिस्सा।
3. दक्कन का काली मिट्टी वाला प्रदेश जैसे मध्य प्रदेश।

(III) सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए संस्थागत सुधार कार्यक्रमों की सूची बनाएँ।
उत्तर:- सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए संस्थागत सुधार कार्यक्रमों की सूची इस प्रकार है -

1. कृषि भूमि की चकबंदी की गई।
2. अधिक उपज देने वाले उत्तम खाद व बीजों के उत्पादन में सहयोग किया।
3. सूखा, बाढ़, चक्रवात, आग एवं बीमारी जैसी घटनाओं से फसलों को बचने हेतु फसल -बीमा योजना लागू की गई ।
4. किसानों को कम दर पर ऋण दिलाने के लिए ग्रामीण बैंकों, सहकारी समितियाँ और बैंकों की स्थापना की गई।
5. किसानों को खेती में खर्च के लिए किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया है।
6. रेडियो और टीवी पर विशेष किसान कार्यक्रम प्रसारित किए गए।
7. दलालों और बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया गया।

(iv) दिन-प्रतिदिन कृषि के अंतर्गत भूमि कम हो रही है। क्या आप इसके परिणामों की कल्पना कर सकते हैं?
उत्तर :-भारत में दिन प्रतिदिन कृषि के अंतर्गत भूमि कम हो रही है जिसके निम्नलिखित परिणाम हो सकते हैं -

1. खाद्य उत्पादन में कमी आएगी।
2. खाद्य वस्तुओं की मंहगाई बढ़ेगी।
3. उत्पादन बढ़ाने के लिए उर्वरकों के अधिक इस्तेमाल किया जाएगा जिससे भूमि की प्राकृतिक क्षमता प्रभावित होगी।
4. कृषि आधारित उद्योगों को कच्चे माल की कमी का सामना करना पड़ेगा।

MUKUTclasses

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।

(i) कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपाय सुझाइए।
उत्तर:- कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कुछ संस्थागत तथा प्रौद्योगिक सुधार किए गए हैं जो निम्नलिखित हैं

1. **चकबंदी**-सरकार ने किसानों के छोटे-छोटे खेतों की चकबंदी करके इकट्ठा कर दिया।
2. **जमींदारी प्रथा की समाप्ति**- सरकार ने प्राचीन समय से चली आ रही जमींदारी प्रथा को समाप्त करके भूमिहीन काश्तकारों को जमीन का मालिकाना हक दे दिया।
3. **सहकारी संस्थाएँ-** सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं की स्थापना की गई ताकि किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण मिल सकें।
4. **कृषि कार्यक्रम:-** रेडियो तथा टीवी पर कृषि संबंधी कार्यक्रम प्रसारित किए जाने लगे।
5. **हरित क्रांति**- सरकार द्वारा अधिक उपज देने वाले उत्तम खाद व बीज उपलब्ध करवाये जिससे कृषि के उत्पादन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया।
6. **सिंचाई परियोजनाएं:-** किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए कई छोटी-बड़ी सिंचाई परियोजनाएँ शुरू की गई ।
7. **फसल बीमा** :- सूखा, बाढ़, चक्रवात, आग एवं बीमारी जैसी घटनाओं से फसलों को बचने हेतु फसल - बीमा योजना लागू की गई ।
8. **किसान क्रेडिट कार्ड:-** भारत सरकार ने ब्याज पर सब्सिडी के साथ किसान क्रेडिट कार्ड' और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना शुरू की है।

(II) भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभाव पर टिप्पणी लिखें।
उत्तर:- (क) वैश्वीकरण के प्रभाव से दक्षिणी भारत में मसालों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिला है।
(ख) वैश्वीकरण से कपास उत्पादन करने वाले किसानों को बाजार मिलने लगा।
(ग) वैश्वीकरण से कृषि में ढांचागत सुधार किया गया।
(घ) किसानों को ऋण मिलने में आसानी हुई।
(ड) हरित क्रांतिं से फसलों के उत्पादन में बढ़त हुई।

(iii) चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन करें।
उत्तर:-चावल भारत की एक प्रमुख खाद्यान्न फसल है। चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियां निम्न हैं।

1. चावल एक खरीफ फसल है जिसे उगाने के लिए तापमान 25° सेल्सियस से अधिक होना चाहिए।
2. इसके लिए अधिक आर्द्रता होनी चाहिए।
3. 100 से०मी० से अधिक वर्षा की आवश्यकता होती है।
4. जलोढ़ मिट्टी चावल के लिए आदर्श होती है।
5. चावल जून-जुलाई में दक्षिण-पश्चिमी मानसून पवनों के शुरू होने पर उगाया जाता है और पतझड़ की ऋतु में काटा जाता है।

MUKUTclasses